# प्रदेश में जल्द तैयार होंगे 10 एयरपोर्ट

## योगी बोले, सात साल पहले तक बैरियर रहा यूपी अब देश के विकास का इंजन

## ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में हुआ अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो-2024 का शुभारंभ

अमर उजाला ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश को 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के अभियान में उत्तर प्रदेश विकास के इंजन के रूप में पहचाना जा रहा है। यूपी अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो-2024 के उद्घाटन समारोह में उन्होंने कहा, यह वही यूपी है, जो सात साल पहले देश के विकास का बैरियर माना जाता था। इंडिया एक्सपो मार्ट में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को ट्रेड शो का उद्घाटन किया।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत को साकार करने में यूपी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रदेश में अभी 11 एयरपोर्ट हैं और जल्द ही 10 एयरपोर्ट बनकर तैयार होने वाले हैं। प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत को साकार करने में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सड़क और रेल मार्ग से यात्रा करने वाले लोगों को अच्छी सुविधाएं मिल रही हैं।

उन्होंने कहा कि पूरब को पश्चिम से जोड़ने वाला गंगा एक्सप्रेसवे प्रयागराज महाकुंभ 2025 से पहले शुरू हो जाएगा। 2017 से पहले प्रदेश में नाम मात्र की इकाइयां लगी थीं। मगर अब यूपी पहला ऐसा राज्य है जहां 96 हजार इकाइयां एमएसएमई की हैं। योगी ने इस दौरान आयोजन के साझेदार देश वियतनाम के प्रतिनिधिमंडल से भी मुलाकात की।




ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में बुधवार से शुरू हुए अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वागत करते सीएम योगी, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान और औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी। -सूचना विभाग

## सबसे ज्यादा जीआई टैग यूपी के पास

सीएम ने कहा कि देश के अंदर सबसे ज्यादा 75 जीआई टैग यूपी के पास हैं। इसके जरिये हम उन उत्पादों को आगे बढ़ा रहे, जो प्रोत्साहन के अभाव में दम तोड़ रहे थे। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला उत्पादों को शो केस करने का मौका दे रहा है। एमएसएमई की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करने वाले उद्यमियों को पांच लाख रुपये का बीमा कवर भी दिया जा रहा है। सीएम ने कहा कि कृषि के बाद एमएसएमई प्रदेश के युवाओं को सबसे अधिक रोजगार दे रहा है। आज वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट देश दुनिया में धमक जमा रहे हैं। 75 जिलों के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार मिल रहा है। दुनिया में प्रदेश के हर जिले के उत्पाद बेचे जा रहे हैं।

## यूपी के गेमचेंजर हैं योगी : धनखड़

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सीएम योगी की तारीफ करते हुए कहा कि देश का सबसे बड़ा राज्य उनके गतिशील शासन में फल-फूल रहा है। आदित्यनाथ इस राज्य के लिए गेमचेंजर हैं और इससे देश को काफी मदद मिल रही है। वे 24 घंटे अपनी सरकार पर नजर रखते हैं।

- धनखड़ ने कहा कि बहुत ज्यादा समय नहीं हुआ जब प्रदेश एक अंधेरी सुरंग की तरह था। उस अंधेरी सुरंग से निकल कर हम एक्सप्रेसवे पर आए हैं और अब यहां से जेवर एयरपोर्ट से बड़ी आर्थिक उड़ान भरने की तैयारी है।


यूपी व्यापार मेले में दिखी मथुरा, काशी और अयोध्या की झांकी : पेज 5